यूनानी चिकित्सा पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कल

- पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह 10 फरवरी, 2018 को नई दिल्ली में यूनानी चिकित्सा पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- यह वर्ष यूनानी बिरादरी के लिए विशेष है क्योंकि यह हकीम अजमल खान की 150वीं जयंती है।

वैश्विक खबर

वित्त वर्ष 2017-18 में प्रत्यक्ष करों के संग्रह में 19.3 प्रतिशत का इजाफा

- जनवरी, 2018 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़ों से पता चला है कि इस दौरान शुद्ध संग्रह 6.95 लाख करोड़ रुपये का हुआ है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में हुए प्रत्यक्ष करों के शुद्ध संग्रह की तुलना में 19.3 प्रतिशत अधिक है।
- प्रत्यक्ष करों का शुद्ध संग्रह वित्त वर्ष 2017-18 के लिए प्रत्यक्ष करों के संशोधित अनुमानों का 69.2 प्रतिशत है।
- अप्रैल, 2017 से लेकर जनवरी, 2018 तक की अवधि के दौरान प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह 13.3 प्रतिशत बढ़कर 8.21 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

आर्थिक खबर

केंद्रीय गृह मंत्री रविवार को हुनर हाट का उद्घाटन करेंग

राष्ट्रीय खबर

- केंद्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह 11 फरवरी, 2018 को नई दिल्ली के कनाट प्लेस स्थित बाबा खड़क सिंह मार्ग पर 'हुनर हाट' का औपचारिक उद्घाटन करेंगे।
- अल्पसंख्यक मंत्रालय आयोजित द्वारा हुनर हाट की थीम 'सम्मान के साथ विकास' है।
- एक ओर जहां हाट में उस्ताद दस्तकारों द्वारा बनाए गए दस्तकारी और हेंडलूम समान प्रदर्शित होंगे वहीं लोगों को पारम्परिक भारतीय संगीत की झलक भी मिलेगी।
- 'हुनर हाट' का आयोजन नई दिल्ली में 10 से 18 फरवरी तक किया जा रहा है।

ऐश ट्रैक मोबाइल ऐप लांच

राष्ट्रीय खबर

- केंद्रीय विद्युत नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री आर के सिंह ने आज यहां एक वेब आधारित निगरानी प्रणाली तथा फ्लाई ऐश मोबाइल ऐप ऐश ट्रैक लांच किया।
- यह प्लेटफार्म ताप बिजली संयंत्रों द्वारा उत्पादित ऐश के बेहतर प्रबंधन में सहायक होगा क्योंकि यह फ्लाई ऐश उत्पादकों तथा सड़क ठेकेदारों, सीमेंट संयंत्रों जैसे संभावित उपयोगकर्ता के बीच सेतु का काम करेगा।

मेगा एडिप एवं वयोश्री योजना कैंप का ग्वालियर में उद्घाटन

योजना खबर

- सरकार द्वारा मंत्रालय के अधीनस्थ केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम एलिम्को के माध्यम से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक यंत्रों एवं उपकरणों के वितरण के लिए 11 फरवरी, 2018 को ग्वालियर में एक मेगा कैंप का आयोजन

किया जायेगा।

- कैंप का आयोजन जीवाजी विश्वविद्यालय मैदान, ग्वालियर, मध्य प्रदेश में भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की सम्मानीय उपस्थिति में संपन्न होगा।

नीति आयोग ने 'स्वस्थ राज्य, प्रगतिशील भारत' रिपोर्ट जारी की

राष्ट्रीय खबर

- नीति आयोग ने 'स्वस्थ राज्य, प्रगतिशील भारत' शीर्षक से एक व्यापक स्वास्थ्य सूचकांक रिपोर्ट जारी की।
- इस रिपोर्ट में स्वास्थ्य के मोर्चे पर वार्षिक प्रगति तथा एक दूसरे की तुलना में समग्र प्रदर्शन के आधार पर राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को विभिन्न श्रेणियों में रखा गया है।
- यह रिपोर्ट स्वास्थ्य क्षेत्र में देश के प्रदर्शन को विविधता तथा जटिलता के आधार पर वार्षिक स्तर पर आंकने के लिए एक व्यवस्थित पद्धति विकसित करने का प्रयास है।

रक्षा मंत्री ने विनय शील ओबेरॉय की अध्यक्षता में समिति गठित की

राष्ट्रीय खबर

- सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण से जुड़ी परियोजनाओं में तेजी और निगरानी के लिए रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एक समिति के गठन को मंजूरी प्रदान की है.
- यह एक 13 सदस्यीय परामर्शी समिति होगी.
- सरकार के पूर्व सचिव विनय शील ओबेराय इस समिति के अध्यक्ष होंगे. इनका कार्यकाल अगस्त 2018 तक रहेगा.

एमएसएमई विकास अधिनियम, 2006 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी

राष्ट्रीय खबर

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 07 फरवरी 2018 को वर्गीकरण के मानकों को बदलने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम विकास अधिनियम, 2006 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी.
- यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई.
- इसे 'संयंत्र एवं मशीनरी या उपकरण में निवेश' से बदलकर 'वार्षिक कारोबार' में बदलने का प्रस्ताव है.
- इस कदम से व्यापार करने में आसानी होगी और वर्गीकृत वृद्धि के नियम बनेंगे और जीएसटी के दायरे में नयी कर प्रणाली वजूद में आएगी.

महापत्तन प्राधिकरण विधेयक, 2016 में परिवर्तन को कैबिनेट की मंजूरी

राष्ट्रीय खबर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संसद में लंबित महापत्तन प्राधिकरण विधेयक-2016 में सरकारी संशोधनों को शामिल करने की स्वीकृति दे दी है.
- यह संशोधन विभाग संबंधी संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों पर आधारित हैं.
- पत्तन में सेवारत कर्मचारियों में से पत्तन प्राधिकरण बोर्ड में नियुक्त किये जाने वाले श्रम प्रतिनिधियों की संख्या एक से दो तक बढ़ा दी गई है.

दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 'हैप्पीनेस सिलेबस' आरंभ

- दिल्ली सरकार नर्सरी से आठवीं क्लास तक के छात्रों के लिए हैप्पीनेस पाठ्यक्रम का नया विषय शुरू करने की घोषणा की है.
- यह पाठ्यक्रम अगले शिक्षा सत्र से दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों में लागू होगा.
- इसके तहत नर्सरी से आठवीं क्लास तक की हर क्लास में रोजाना एक पीरियड हैप्पीनेस सब्जेक्ट का होगा अर्थात खुशियों की कक्षा आयोजित होगी.
- दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा इस संबंध में घोषणा की गई.

राष्ट्रीय खबर

फोर्ब्स ने क्रिप्टोकरंसी रखने वाले अमीर लोगों की सूची जारी की

- फोर्ब्स ने 08 फरवरी 2018 को पहली बार क्रिप्टोकरंसी रखने वाले अमीरों की सूची जारी की है.
- इस सूची में उन लोगों के नाम हैं जिनके पास क्रिप्टोकरंसी के मूल्य के हिसाब से करोड़ों अरबों डॉलर की क्रिप्टोकरंसी है.
- फ़ोर्ब्स ने बताया है कि बिना नियमन वाली क्रिप्टोकरंसी के मूल्य में हाल के समय में जोरदार तेजी आई है.
- यह ब्लॉकचेन तकनीक के आधार पर गोपनीय एल्गोरिदम के हिसाब से काम करती है.

राष्ट्रीय खबर

लंदन में प्रयोगशाला में पहली बार तैयार किए गए मानव अंडे

- एडिनबरा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक मानव अंडे विकसित करने का दावा किया है ।
- इससे प्रजनन संबंधी इलाज कराने वाले दंपतियों को आशा की नई किरण मिलेगी।
- इस नए प्रयोग से न केवल यह समझने में मदद मिलेगी कि मानव अंडे किस प्रकार से बनते हैं बल्कि यह कीमोथेरेपी अथवा रेडियोथेरेपी से गुजर रही महिलाओं के लिए उम्मीद की नई किरण दिखाएगा।

वैश्विक खबर

किम जोंग उन की बहन ने द. कोरिया के राष्ट्रपति से की मुलाकात

- उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग विंटर ओलिंपिक्स की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं और इस दौरान उन्होंने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन से भी मुलाकात की।
- उत्तर कोरिया के शासक परिवार की वह पहली सदस्य हैं, जो 1950 के दशक में हुए कोरिया युद्ध के बाद दक्षिण कोरिया गई हैं।

वैश्विक खबर

अमेरिका ने पाक के 3 आतंकियों को ग्लोबल टेररिस्ट करार दिया

- डोनाल्ड ट्रम्प एडमिनिस्ट्रेशन ने पाकिस्तान के 3 लोगों को ग्लोबल टेररिस्ट करार दिया है।
- तीनों पर लश्कर-ए-तैयबा और तालिबान जैसे आतंकी संगठनों से जुड़े होने का आरोप है।
- अमेरिका ने वजह बताते हुए कहा है कि ऐसा करने से साउथ एशिया में आतंकियों को सपोर्ट करने वाले नेटवर्क को तोड़ने में मदद मिलेगी।

वैश्विक खबर

अमेरिका ने पूर्व प्रेसिडेंट कैनेडी के मर्डर से जुड़े 2,891 सीक्रेट दस्तावेज किए सार्वजनिक

वैश्विक खबर

- अमेरिका के पूर्व प्रेसिडेंट जॉन फिटजेराल्ड कैनेडी की हत्या से जुड़े 2,891 सीक्रेट दस्तावेजों को सार्वजनिक किया गया है।
- इन दस्तावेजों में हत्या के एक दिन बाद 23 नवंबर 1963 को सीआईए के तत्कालीन डायरेक्टर का लेटर भी शामिल है।
- प्रेसिडेंट ट्रम्प ने दस्तावेजों को सार्वजनिक करने का एलान किया था।
- अब इन दस्तावेजों की 180 दिन में समीक्षा की जाएगी।

विदेश स्टॉक एक्सचेंज में भारतीय शेयरों की ट्रेडिंग पर रोक

राष्ट्रीय खबर

- विदेशी स्टॉक एक्सचेंज में भारतीय स्टॉक मार्केट से जुड़े का ॅट्रेक्ट और डेरीवेटिव की ट्रेडिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।
- देश के तीनों स्टॉक एक्सचेंज ने एक साथ रोक लगाते हुए कहा है कि इससे भारतीय पूंजी विदेशी बाजारों में जा रही थी।
- इन 3 एक्सचेंज में मुम्बई शेयर बाजार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और मेट्रोपोलेटिन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया शामिल हैं।
- सेबी ने इन तीनों एक्सचेजों को ऐसा करने के लिए कहा है।